उत्तर प्रदेश राज्य सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख-रेख परिषद्
UTTAR PRADESH STATE ALLIED AND HEALTHCARE COUNCIL

(उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी परिसर)
5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
Email- upsahc@gmail.com दूरभाष नम्बर–7311140707

पत्रांक संख्या–169/UPSAHC/2026-27 दिनांक 06 नवम्बर, 2026

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण, समस्त सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख (Allied & Healthcare) प्रोफेशनल्स, छात्र–छात्राओं और संबंधित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग (NCAHP) Act 2021 के अंतर्गत स्थापित उ0प्र0 राज्य की **"उत्तर प्रदेश राज्य सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख परिषद्"** की आधिकारिक वेबसाइट अब क्रियाशील हो चुकी है। परिषद् से जुड़ी समस्त आधिकारिक सेवाओं, सूचनाओं, नवीन पंजीकरण तथा नवीनीकरण की प्रक्रियाओं हेतु सभी हितधारक केवल परिषद् की अधिकृत वेबसाइट *https://www.upsahc.up.gov.in/* का ही उपयोग करें।

हाल ही में परिषद् के संज्ञान में आया है कि कुछ असामाजिक और धोखाधड़ी करने वाले तत्वों द्वारा काउंसिल के नाम, फर्जी प्रतीक चिन्ह (Logo) और मिलते–जुलते स्वरूप का गलत इस्तेमाल करके नकली वेबसाइटें निर्मित की गई है। अतः समस्त संबंधित को सचेत किया जाता है कि वे ऐसी फर्जी (Fake) वेबसाइटों से सतर्क रहें और इस आधिकारिक वेबसाइट के अतिरिक्त किसी भी अन्य अनधिकृत लिंक या पोर्टल पर अपनी कोई भी गोपनीय जानकारी/दस्तावेज़ साझा न करें और न ही किसी प्रकार का पत्राचार (Correspondence) करें।

(डा0 कमल पन्त)
अध्यक्ष